क्षेत्रीय कार्यालय

# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

प्रथम चरण,सहकारी भूमि विकास बैंक, कॉलेज रोड़, पुलिसलाइन के सामने,
नागौर– 341001 (राज.), E – Mail – rorpcb.nagaur@gmail.com

**RPCB/RO NGR/PUB - 162/** 1426 **Date –** 29/08/23

**Member Secretary,**
**State Level Environment Impact Assessment Authority,**
**Government of India,**
**Room No. 11, Arawali Bhawan,**
**Jhalana Institutional Area, Jaipur (Raj.)- 302004**
E-mail:- seiaams2021@gmail.com

Sub.:- Public hearing for Environmental Clearance for "Granite Stone Mining Cluster Projects, (M.L. No. 30/2022, 18/2021, 19/2021 & 04/2022) with proposed Production capacity of cluster- 694075 TPA(ROM) and Total Cluster Area- 6.23086 Hectare, Applied by **M/s NEECI Granite, (M.L. No. 30/2022)**Mines Lease area 2.09359, proposed production capacity- 201701 TPA(ROM) Near Village- Surajgarh, Tehsil- Riyanbadi, District- Nagaur (Raj.)

Ref.:-

1. ToR issued by SEIAA vide letter no. F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/cat B1(22058)/2022-23 dated 22-03-2022.
2. Office of district collector, Nagaur letter no. 3002 dated 30.05.2023.
3. Public hearing for Environmental Clearance dated 04.07.2023.

Sir,

In continuation to the letter referred above, it is submitted that Public hearing for Environmental Clearance for "Granite Stone Mining Cluster Projects, (M.L. No. 30/2022, 18/2021, 19/2021 & 04/2022) with proposed Production capacity of cluster- 694075 TPA(ROM) and Total Cluster Area- 6.23086 Hectare, Applied by **M/s NEECI Granite, (M.L. No. 30/2022)** Mines Lease area 2.09359, proposed production capacity- 201701 TPA(ROM) Near Village- Surajgarh, Tehsil- Riyanbadi, District- Nagaur (Raj.) was conducted on 04.07.2023. Minutes of the Public Hearing, Attendance Sheet, Suggestions/Objections received, Video CD, Photographs and News Paper cuttings are enclosed herewith for further necessary action, please.

Yours sincerely,

(Savita)
Regional Officer

Copy to following for information & necessary action:-

1. The Member Secretary, Rajasthan State Pollution Control Board, Jaipur.
2. The District Collector, Nagaur.
3. CEO Jila parishad, Nagaur
4. RM RIICO, Nagaur,
5. DIC, Nagaur
6. Sub Divisional Magistrate, Riyabadi, Nagaur
7. Tehsildar, Riyanbadi, Nagaur
8. Gram Panchayat, Ladpura, Tehsil-Riyanbadi, District- Nagaur
9. Gov. Uppar Primary School, Pipaliya, Tehsil-Riyanbadi, District-Nagaur
10. Analyst Cum Programmer, RPCB, Jaipur to display Public Hearing Minutes on website of the State Board

Savita
Regional Officer

# जन सुनवाई कार्यवाही विवरण

मैसर्स निसी ग्रेनाईट, प्रस्तावित खनन परियोजना (ग्रेनाईट) के खनन की कलस्टर मय खनन् परियोजना, एम. एल. नं. – 30/2022, क्षेत्रफल – 2.09359 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 201701 टन प्रतिवर्ष (रोम) एवं क्लस्टर का कुल क्षेत्रफल – 6.23086 हैक्टेयर, कलस्टर की उत्पादन क्षमता – 694075 टन प्रतिवर्ष (रोम), निकट ग्राम– सुरजगढ़, तहसील – रियांबडी, जिला – नागौर (राजस्थान) में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु उपखण्ड मजिस्ट्रेट, रियाबडी, जिला नागौर की अध्यक्षता में दिनांक 04.07.2023 को दोपहर 01:30 बजे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, गांव- पिपलिया, तहसील–रियांबडी, जिला–नागौर (राजस्थान) में आयोजित जन सुनवाई की कार्यवाही **(Minutes)** का विवरण :–

वन एव पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसरण में कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर के पत्र क्रमांक न्याय/प्रदूषण/ज.सु.2023/3002 दिनांक 30.05.2023 एवं क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल, नागौर के पत्र क्रमांक राप्रनिम/आरओ–नागौर/पी.यू.बी.–162/376–380 दिनांक 02.06.2023 के अनुपालना में मैसर्स निसी ग्रेनाईट, प्रस्तावित खनन परियोजना (ग्रेनाईट) के खनन की कलस्टर मय खनन् परियोजना, एम एल नं. – 30/2022, क्षेत्रफल – 2.09359 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 201701 टन प्रतिवर्ष (रोम) एव क्लस्टर का कुल क्षेत्रफल – 6.23086 हैक्टेयर, कलस्टर की उत्पादन क्षमता – 694075 टन प्रतिवर्ष (रोम), निकट ग्राम– सुरजगढ़, तहसील – रियांबडी, जिला – नागौर (राजस्थान) के खनन से सम्बन्धित जनसुनवाई दिनाक 04.07.2023 को आयोजित की गई। जन सुनवाई में उपस्थित सभी व्यक्तियों का विवरण मय हस्ताक्षर **परिशिष्ट संख्या 01** पर संलग्न है। जनसुनवाई की आम सूचना दो स्थानीय समाचार पत्र दैनिक नवज्योति समाचार पत्र में दिनांक 03 जून 2023 (शुक्रवार) एवं द इण्डियन एक्सप्रैस समाचार पत्र में दिनांक 03 जून 2023 (~~गुरुवार~~) को प्रकाशित की गई थी जिसकी प्रति **परिशिष्ट संख्या 02** पर संलग्न है। जनसुनवाई के प्रारम्भ में

**उपखण्ड अधिकारी रियांबडी**
**जिला–नागौर**

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती सविता ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। तत्पश्चात श्री गौरी शंकर शर्मा उप खड अधिकारी रियांबाडी, जिला नागौर की अनुमति से जनसुनवाई प्रारम्भ की गई।

श्रीमती सविता, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर ने जनसुनवाई के प्रावधान, उदेद्श्य एवं महत्व तथा प्रस्तावित परियोजना के बारे में जानकारी दी एव परियोजना के वारे में विस्तृत जानकारी देने हेतु पर्यावरणीय सलाहकार को जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामवासियों/व्यक्तियों को प्रस्तावित खनन परियोजना के बारे में विस्तार से अवगत कराने बाबत् आमंत्रित किया।

परियोजना प्रबंधक की ओर से खनन परियोजना के पर्यावरणीय परिवेश इन्वोरमेन्ट इंजिनियरिंग सर्विसेंज, जयपुर के पर्यावरणीय सलाहकार श्री मनिष कुमार के माध्यम से जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामवासियों/व्यक्तियों को विस्तृत जानकारी दी। खनन परियोजना के सम्बन्ध में, कलस्टर प्रमाण पत्र एवं नक्शा जानकारी, परियोजना की स्थिति, लोकेशन मैप, खनन पट्टे की गूगल इमेजनरी, परियोजना की प्रमुख विशेषताएं, परियोजना का विवरण, क्षेत्र की पर्यावरणीय स्थिति का विवरण, परिवहनभार, पर्यावरण संरक्षण उपाय, खनन की समय सीमा समाप्ति पर भूमि का उपयोग, पर्यावरण प्रबंधन के साथ हरित पट्टिका का विकास, पर्यावरण प्रबंधन योजना (वायु, जल, ध्वनि, ठोस अपशिष्ठ गुणवत्ता प्रबंधन,) व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रमिक कल्याण हेतु प्रस्तावित कार्य से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया खनन योजना के दौरान ऑवर बर्डन के रूप निकलने वाले अपशिष्ट को अनुमोदित माइनिंग प्लान के अनुसार इकट्ठा किया जायेगा एवं वृक्षारोपण द्वारा स्थिर किया जायेगा, साथ ही पर्यावरण संरक्षण की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित खनन परियोजना से होने वाले प्रदूषण, उसके प्रबंधन तथा मण्डल मानकों के अनुरूप रोकथाम करने के प्रस्तावित प्रयासों से अवगत कराया। साथ ही वृक्षारोपण, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी.एस.आर.), व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई।

उपखण्ड अधिकारी रियाबड़ी
जिला–नागौर

श्रीमती सविता, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर एवं श्री गौरी शंकर शर्मा उप खंड अधिकारी रियानबाडी जिला नागौर की ओर से जनसुनवाई में उपस्थित लोगों को अपने विचार/आपत्ति सुझाव प्रकट करने के लिए आमन्त्रित किया गया। उपखण्ड अधिकारी महोदय ने जनसुनवाई में उपस्थित लोगों को बताया कि आप सभी ने परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रोजेक्ट के बारे में जो भी बताया है आपकी तरफ से जो भी आपेक्ष/सुझाव हो उसका जवाब दिया जायेगा।

उपखण्ड जिला अधिकारी महोदय द्वारा गांव वालों को खान से कोई आपत्ति के बारें मे पूछा तथा बताया की अगर कोई समस्या हो तो आप लिखित में भी अपना सुझाव द सकते है।

इसी क्रम में श्री मनीष कुमार निवासी सुरजगढ ने सुझाव दिया कि जो पौधारोपण सार्वजनिक स्थानो पर लगाये जाए उनमे पंचायत की सहभागिता रखी जाये तथा गांव के विकास कार्यक्रमो में भी पंचायत की सहभागिता दर्ज की जाए।

श्री जगा राम लाडपुरा सरपंच ने सुझाव दिया कि पेड़–पौधे लगाया जाये और उनकी समय–समय पर देख–रेख की जाये। पेड–पौधों के साथ ट्रीग्राडं भी लगवाये जाये। जिससे पर्यावरण सुन्दर बने। मांईन्स ग्राम पिपलिया के नजदीक संचालित होगी अतः पिपलिया गांव स्थानीय/युवाओं लोगों को रोजगार प्रदान किया जाये। भारी वाहनों के चलने से गांव की सड़के टूट जाती है उन्हें सही करवाया जाये, फसले खराब होती है। यहां पर 07 से 08 माईन पहले से संचालित है। इनकी वजह से गांव वासियों को अपनी जमीने बेचनी पडी, तो उनके बच्चों को माईन में ही रोजगार दिया जाये।

श्री सुरेश चन्द गुर्जर निवासी पिपलिया ने सुझाव दिया कि पिपलिया गांव स्थानीय/युवाओं लोगों को रोजगार प्रदान किया जाये। पेड–पौधों के साथ ट्रीग्राडं भी लगवाये जाये, तथा हमारे द्वारा जो सुझाव दिये गये है वो हमारे सरपंच महोदय द्वारा पूर्व मे दिया जा चूका है।

उपखण्ड अधिकारी रियांबडी
जिला–नागौर

उपखण्ड जिला अधिकारी द्वारा गांव वालों से बार–बार पूछा की किसी सुझाव और अगर कोई आपत्ति हो तो बताए।

अतं में गांव वालों के खान के बार मे कोई आपत्ति नहीं है बताया और कहा हमे इस खान से कोई दिक्कत नहीं हैं।

जनसनुवाई से पहले, दौरान एक प्रार्थना पत्र लिखित में प्राप्त हुआ है जिसकी प्रति परिशिष्ट संख्या 03 पर संलग्न है एवं जनसुनवाई के पश्चात उक्त खनन परियोजना से संबंधित कोई भी सुझाव/अभ्यावेदन/प्रार्थना पत्र लिखित में प्राप्त नहीं हुए है।

अन्त में क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्रामवासियों /व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद के साथ श्री गौरी शंकर शर्मा उप खंड अधिकारी रियानबाडी जिला नागौर की अनुमति से पर्यावरणीय जनसुनवाई की समाप्ति की घोषणा के साथ जन–सुनवाई की कार्यवाही सम्पन्न की गई।

जन सुनवाई की विडियो रिकॉर्डिंग व सी.डी. संलग्न है।

श्री गौरी शंकर शर्मा
उपखण्ड अधिकारी रियांबडी
जिला–नागौर
रियांबड़ी, नागौर (राज.)
(राज.)

श्रीमती सविता
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल नागौर,

Ann-01

## उपस्थिति पत्रक

M/s NEECI Granite, गांव सूरजगढ़, तहसील रियांबड़ी, जिला नागौर के ग्रेनाइट स्टोन माईनिंग प्रोजेक्ट, एम एल नं 30/2022, कुल अनुमानित उत्पादन क्षमता 201701 टन प्रतिवर्ष (रोम), क्षेत्रफल 2.00359, एवं क्लस्टर (एम एल नं 30/2022, 18/2021, 19/2021 एवं 04/2022) उत्पादन क्षमता 694075 टन प्रतिवर्ष (रोम), क्लस्टर क्षेत्र 6.23086 हेक्टेयर की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई।

स्थान :–राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, पिपलिया, तहसील– रियांबड़ी, जिला– नागौर।

दिनांक :– 04.07.2023

समय – दोपहर 01:00 बजे से

| क्र.स. | नाम व पता | मोबाइल नम्बर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | Gauri Shankar S.I.M. Riyi | 9413925976 | [signature] |
| 2. | SAVITA, RO, Nagaur | 9983411222 | [signature] |
| 3. | जग्गाराम रावत सरपंच ग्राम पं. लाडपुरा | 9461186893 | [signature] |
| 4. | मनोज कुमार (Parivesh Env. En. Servi.) पर्यावरणीय सलाहकार | 9602728548 | [signature] |
| 5. | लेखराज पिपलिया | 7742426236 | [signature] |
| 6. | लेखराज जी गुर्जर पिपलिया | 7742426236 | [signature] |
| 7. | दिलीप शर्मा पिपलिया | 7878478245 | [signature] |
| 8. | शिवराज गुर्जर पीपलियां | 7023160056 | Shivraj Gurjar |
| 9. | विजय सिंह | 9413914589 | Vijay |
| 10. | गोदा राम गुर्जर | 8290973702 | GodaRam Gurjar |
| 11. | अभिषेक | 7769462465 | [signature] |
| 12. | शुभम | 9610692726 | Shubham |

# उपस्थिति पत्रक

1. M/s NEECI Granite, गांव– सुरजगढ़, तहसील–रियांबड़ी, जिला– नागौर के "ग्रेनाइट स्टो प्रोजेक्ट, एम.एल. नं. 30/2022, कुल अनुमानित उत्पादन क्षमता 201701 टन प्रतिवर्ष (रोम), क्षेत्रफल-- 2.09 क्लस्टर (एम.एल.नं. – 30/2022, 18/2021, 19/2021 एवं 04/2022) उत्पादन क्षमता– 694075 टन प्रतिवर्ष क्लस्टर क्षेत्र 6.23086 हेक्टेयर की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई।

स्थान :–राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, पिपलिया, तहसील– रियांबड़ी, जिला– नागौर।

दिनांक :– 04.07.2023

समय :– दोपहर 01:00 बजे से

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | Jeevraj | 8043802217 | [signature] |
| 14. | राजुराम | 978381 24 18 | राजुराम |
| 15. | लाला गुर्जर | 6367496210 | लाला गुर्जर |
| 16. | रामदेव | 9660761489 | [signature] |
| 17. | कालुराम गुर्जर | 8094705475 | [signature] |
| 18. | रामनिवास गुर्जर | 6350256683 | [signature] |
| 19. | सुरेश चन्द गुर्जर | 9587571894 | Suresh |
| 20. | [illegible] बडियार | 9636238001 | [signature] |
| 21. | हेमचन्द | 9829907740 | [signature] |
| 22. | धनराज गिलवा | 94141-18627 | Dhanraj |
| 23. | महेन्द्र गुर्जर | 8619993735 | Mahy |
| 24. | | | |

# उपस्थिति पत्रक

मै. M/s NEECI Granite, गांव– सुरजगढ़, तहसील–रियांबड़ी, जिला– नागौर के "ग्रेनाइट स्टोन माईनिंग प्रोजेक्ट, एम.एल. नं. 30/2022, कुल अनुमानित उत्पादन क्षमता 201701 टन प्रतिवर्ष (रोम), क्षेत्रफल– 2.09359, एवं कलस्टर (एम.एल.नं. – 30/2022, 18/2021, 19/2021 एवं 04/2022) उत्पादन क्षमता– 694075 टन प्रतिवर्ष (रोम), कलस्टर क्षेत्र 6.23086 हेक्टेयर की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई।

स्थान :–राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, पिपलिया, तहसील– रियांबड़ी, जिला– नागौर।

दिनांक :– 04.07.2023

समय :– दोपहर 01:00 बजे से

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25. | Ajay Singh Rawat | 9828708812 | [signature] |
| 26. | रियाज मोहम्मद | 9660755780 | [signature] |
| 27. | Girish Kumar | 9610833131 | [signature] |
| 28. | | | |
| 29. | | | |
| 30. | | | |

सेवा मे,

Ann-03 Date - 4-07-2023

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी
रियां बड़ी नागौर

Recd. [illegible] 5/7/23

विषय → 1. आबादी क्षेत्र मे ओवर लोडिंग वाहनो का निषेध करने।
2. सार्वजनिक स्थानो पर वृक्षारोपण होने बाबत।
3. स्थानीय बेरोजगारो को रोजगार दिलाने बाबत।
4. मांइसो मे ठल्लापिक अन्दर करने के बाबत।
5. गौशाला मे प्रतिमाह हर मांइस से 11000 रूपये की रशीद देने बाबत।

महोदया,

सविनय नम्र निवेदन है कि आये-दिन आबादी क्षेत्र भारी वाहनो के प्रवेश के कारण सड़को व विद्युत पोल का क्षतिग्रस्त होने व अधिकतर स्थानीय ग्रामीण पशुपालन पर निर्भर होने के कारण आये दिन अवारा व पशु का क्षतिग्रस्त व दुर्घटना होती जा रही है।
जिससे जन-धन की हानि होती है। ग्रामीणो को निम्न समस्याओ का सामना करना पड़ता है।

कृपया आपसे निवेदन है कि ग्रामीण की समस्त समस्याओ का जल्द-जल्द से आप कृपा करके समाधान करके ग्रामीणो को अवग[illegible]

निवेदक

समस्त ग्रामवा[illegible]

